श्री गोपाल गौशाला में पधारे प्रकाश सर्राफ

माई झुं. न्यूज। पथमेडा गौशाला प्रकाश सर्राफ ने झुंझुनूं प्रवास के दौरान श्री गोपाल गौशाला का अवलोकन किया तथा गौशाला संचालकों को पथमेडा गौशाला आने का निमंत्रण देते हुए कहा कि आप वहां आकर वहां की व्यवस्थाओं को देखकर आवश्यक मूलभूत सुधार अपनी गौशाला में आज के परिवर्तन के युग के अनुसार करे जिससे गौशाला स्वालम्बी बन सके।

इस अवसर पर गौशाला सचिव भरत कुमार तुलस्यान, कोषाध्यक्ष गोपाल हलवाई, शशिकान्त पंसारी, सुभाष जालान, विनोद केडिया, गजेन्द्र करनावत, ओमप्रकाश टीबड़ा, अशोक गोटेवाला, एल.के. झा, सुभाष राणासरिया सहित अन्यजन उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी गौशाला कर्मचारियों को संजय राणासरिया की ओर से लड्डुओं का वितरण किया गया।

जेजेटी विवि में शिक्षक दिवस पर प्राचार्यों का सम्मान किया

फोटो : रामनिवास सोनी

झुंझुनूं, 5 सितम्बर : जिले के ग्राम चुड़ैला में स्थित जगदीश प्रसाद झाबरमल टीबड़ेवाल विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर झुंझुनूं जिले के पांच प्राचार्यों को उल्लेखनीय कार्य सेवाऐं देदेने के उपलक्ष्य में सम्मानित किया गया।

विवि के रजिस्ट्रार आलमगीर ने बताया कि शिक्षक दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में सम्मानित होने वालों में रामदेव सिंह भास्कर सेवानिवृत प्रधानाचार्य, अनूपसिंह कुल्हार प्रधानाचार्य शहीद जे.पी. जानू विद्यालय, पितराम सिंह गोदारा, बुडाना, अयुब खान बिसाऊ, पालाराम मेवता कोलिण्डा थे। इन प्रधानाचार्यों को कार्यक्रम अध्यक्ष आत्माराम टीबड़ेवाल तथा विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार आलमगीर ने प्रतीक चिन्ह, शॉल व श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में अपने उदबोधन में सभी वक्ताओं डॉ. राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए छात्र छात्राओं से जीवन में सफलता प्राप्त करते हेतु कड़ी मेहनत करने का आह्वान करते हुए गुरू व शिष्य के संबंधों को मधुर व मजबूत बनाने पर बल दिया और जे.जे.टी युनिवर्सिटी को जिले के छात्र छात्राओ की सफलता के मार्ग में मील का पत्थर बताया। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष अपने उदबोधन में गुरू की महिमा का बखान करते हुए कहा कि बिना गुरू के मार्गदर्शन के जीवन में सफलता प्राप्त नहीं की जा सकती। कार्यक्रम को जेजेटी विवि की निधि यादव, विनिता, रितेष रायजादा ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन गौरव शर्मा व्याख्याता ने किया। कार्यक्रम में स्टूडेंट स्टाफ सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।

श्री अग्रवाल सभा सूरजगढ द्वारा उत्साहपूर्वक आयोजन अग्रसेन जयन्ती का

माई झु. 19 सित.। महाराजा अग्रसेन जयन्ती एवं सम्मान समारोह का आयोजन श्री अग्रवाल सभी सूरजगढ द्वारा अग्रवाल भवन सूरजगढ में शनिवार को अपरान्ह दो से छः बजे तक किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि लायन्स क्लब इंटरनेशनल प्रान्त 323 ई 1 के पूर्व प्रान्तपाल एडवोकेट एमजेएफ लायन श्रवण कुमार केजड़ीवाल थे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता की वरिष्ठ समाजसेवी श्री किशन बिलोटिया ने तथा विशिष्ट अतिथि थे वरिष्ठ सम्पादक श्यामसुंदर पोद्दार एवं राधेश्याम भारती।

अग्रवाल समाज के अध्यक्ष उमाशंकर सुद्राणिया व मंत्री सुरेश शाह तथा अन्य सक्रिय कार्यकर्ताओं के सानिध्य में सम्पन्न जयन्ती महोत्सव के पश्चात चाट मेले का आयोजन भी किया गया।

इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया तथा सूरजगढ थानाधिकारी उदयसिंह यादव का भी उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए किया गया। कार्यक्रम का संचालन झुंझुनूं के गाडिया टाउन हाल के व्यवस्थापक पालीराम अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर सुरेश शाह, गोपीराम कानोडिया, ईश्वारी प्रसाद शाह, उमाशंकर सुद्राणिया, कमलकिशोर कानोडिया, सज्जन हलवाई, बृजमोहन तुलस्यान, शिवभगवान पचरंगिया, बाबूलाल डिडवानिया, गोपाल पंसारी सहित समाज बंधु उपस्थित थे।

प्रिया परिवार द्वारा लाभांश

माई झु.न्यूज। प्रिया परिवार की ओर से शनिवार को शिक्षक दिवस समारोह में निदेशक सुरेन्द्र सिंह नूनियां ने जयपुर में विद्याधरनगर स्थित कंपनी के मुख्यालय पर पढो और कमाओ योजना के तहत लाभांश के रूप में 1,63,315 रूपए का चैक अजय चाहर को प्रदान किया। इस अवसर पर कंपनी के चैयरमेन तेजपाल सिंह नूनियां और निदेशक महेश नूनियां भी मौजूद थे।

एकेडमी के विद्यार्थियों को मैरिट प्रमाण-पत्र

झुंझुनू, 18 सितम्बर। झुंझुनू एकेडमी सीबीएसई स्कूल के तीन विद्यार्थियों को तीन विषयों में राष्ट्रीय स्तर का मैरिट प्रमाण-पत्र मिला। विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय बोर्ड मैरिट प्रमाण-पत्र के लिए चयनित होना गौरव की बात है। स्कूल के छात्र निखिल महला पुत्र मनफूल महला को सामाजिक विज्ञान, जसंवत सिंह पुत्र विजेन्द्र सिंह को गणित एवं रेणु सीगड़ को हिंदी विषय में मैरिट के लिए चुना गया था। सफलता प्राप्त तीनों विद्यार्थियों को गुरूवार को जीवेम् चेयरमैन दिलीप मोदी द्वारा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली के शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया। कार्यक्रम में संस्था प्रबंध निदेशक नीरजा मोदी, प्राचार्य डॉ. रवीन्द्र सिंह, उप प्राचार्य रविशंकर शर्मा, पीआरओं अरविंद शर्मा, विरेन्द्र अवाना, गौरीशंकर जांगिड़, मो. फारूक अली, प्रशासक पीएल शर्मा, रोहिताश्व डूडी, संतोष शर्मा, तेजपाल सौंलकी, कविता अग्रवाल एवं समस्त स्टाफ ने छात्र एवं छात्रा को बधाई दी।

उमरावसिंह राठौड़ अजमेर से जोधपुर स्थानान्तरित



झुंझुनू, 18 सितम्बर। राज्य सरकार ने पर्यटन विभाग के उपनिदेशक उमरावसिंह राठौड़ को अजमेर से जोधपुर स्थानान्तरित किया है। वे लगभग एक वर्ष तक अजमेर में सेवाएं देने के पश्चात वासप जोधपुर पदस्थापित हुये हैं। उन्होने गुरूवार को जोधपुर में अपने पद की जिम्मेदारी संभाल ली है। शेखावाटी के पर्यटन विकास को नए आयाम देने वाले उमराव सिंह राठोड़ ने अपने डेढ़ दशक से भी अधिक समय झुंझुनूं कार्यकाल में सेवाएं दी। उन्होंने यहां अपने सेवा काल में सीकर, चूरू व झुंझुनूं जिलों में न केवल पर्यटन व्यवसाय को बढ़ाया अपितु इन तीनों जिलों में पर्यटन मेलों का आयोजन भी प्रारम्भ कराया और पर्यटन कलाकारों को पहचान दिलाई। सीकर के निकट हर्ष पर्वत के लिए हिल रिसोर्ट, लोहार्गल की 24 कोसीय पद परिक्रमा के विकास की योजना तथा झुंझुनूं के निकट बीड़ में नीलगाय व मयूर अभारण्य स्थापित करने के प्रस्ताव में उन्होने गहरी रूचि ली और इन पर्यटन विषयों को आगे बढ़ाया। पर्यटन विकास के लिए उन्हें शेखावाटी के इन तीनों जिलों में जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित भी किया गया था। अजमेर से पहले भी वे जोधपुर में करीब साढ़े तीन वर्ष रह चुके हैं। वे मूलतः शेखवाटी क्षेत्र के ही निवासी है। विदित है कि उमराव सिंह राठौड़ ने झुंझुनूं में शिल्प ग्राम निर्माण में अपनी महत्ती भूमिका निभाई थी।

एसपी लाम्बा ने दिखाई यात्रा को हरी झण्डी

झुंझुनूं, 9 सितम्बर : पर्यावरण जागृति एवं जन चेतना , राष्ट्रीय एकता सद्भावना का संदेश देने वाली यात्रा का 14 अगस्त को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा पर्यावरण प्रेमी गीतेश जांगिड़ के नेतृत्व में उनकी टीम को मुख्यमंत्री निवास जयपुर से रवाना किया गया था। आज यह यात्रा झुंझुनूं पहुंचने पर जिला पुलिस अधीक्षक अजयपाल लांबा, राष्ट्रीय एकता सदभावना के प्रदेश महासचिव उमर कुरैशी, जिला युथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष रणजीत चंदैलिया, संगठन सचिव महबुब चौपदार, महासचिव अब्दुल्ला अगवान, कमाण्डो कृपाल सिंह, एडवोकेट राजेन्द्र सहित कलेक्ट्रेट कर्मचारियों ने स्वागत किया एवं जिला पुलिस अधीक्षक ने जन चेतना यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर चुरू के लिए रवाना किया। इस चेतना यात्रा के तहत अभियान की जानकारी के लिए पोस्टर, पम्पलेट, स्टीकर, बुकलेट, बेनर, तख्तियां, प्रत्येक जिले में प्रचार सामग्री बांटी गयी है।

अग्रसेन जयंती पर डी.एन. तुलस्यान सम्मानित

झुंझुनू, 19 सितम्बर। अग्रवाल समाज समिति झुंझुनूं द्वारा आयोजित अग्रसेन जयंती महोत्सव 2009 के शुभ अवसर पर माई झुंझुनूं डॉट कॉम के प्रबंध निदेशक डी.एन. तुलस्यान को वेबसाईट के माध्यम से प्रचार प्रसार में योगदान हेतु प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

श्रीमती अनिता बंसल सम्मानित

माई झु. 6 सित.। एस एस मोदी एज्यकेशन ट्रस्ट की निदेशक श्रीमती अनिता बंसल को लायन्स क्लब द्वारा शिक्षक दिवस पर उनकी शिक्षण सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

श्रीमती बंसल को उक्त समारोह में लायन्स क्लब संरक्षक एमजेएफ लायन डॉ. जे सी जैन, पूर्व प्रान्तपाल एमजेएफ लायन श्रवण कुमार केजड़ीवाल, के एल केडिया एवं क्लब अध्यक्ष कैलाशचन्द्र सिंघानिया, सचिव प्रमोद तुलस्यान द्वारा शॉल, श्रीफल, माल्यार्पण एवं प्रशंसा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। श्रीमती अनिता बंसल को मिले सम्मान पर श्रीमती विजय लक्ष्मी वैश्य, श्रीमती रश्मि शेखावत, स्नेहलता शेखावत, रीना कपूर, श्रीकान्त सारस्वत एवं अर्चना गुप्ता आदि ने प्रसन्नता व्यक्त कर बधाई दी है।

रामलीला में प्रश्न मंच का आयोजन

झुंझुनूं,25 सितम्बर। गांधी चौक स्थित बजरंग बली रगंमच पर श्री रामलीला परिषद के संयोजन में चल रही 52वीं रामलीला में देर रात प्रश्न मंच का आयोजन किया गया। दैनिक आस-पास के सहयोग से गुरूवार को आयोजित प्रश्न मंच कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शेखावाटी अब तक इलेक्ट्रानिक चैनल के सहसंपादक फैय्याज अली थे।

अध्यक्षता दैनिक उधोग आस-पास के ब्यूरो चीफ संजय सैनी ने की। विशिष्ठ अतिथि दिनेश शर्मा, मुकेश व्यास, सुशील खडोलिया, श्रीनारायण व्यास, रोहिताश्व सैन, जयप्रकाश शर्मा थे। प्रश्न मंच में धार्मिक एवं रामायण तथा 52 वर्षो से चल रही लीला से सम्बधित प्रश्न पुछे गए। सही उत्तर देने वालों को पुरस्कृत किया गया। चैनल सहसंपादक फैय्याज अली ने कहा कि धार्मिक आयोजनो में इनसे सम्बधित प्रश्न बच्चों, विद्यार्थियों के ज्ञान में बढ़ोत्तरी करते है।

राणीसती विद्यालय में बॉस्केट बॉल प्रतियोगिता

फोटो : रामनिवास सोनी

माई झु.6 सितम्बर : राणीसती बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में 54 वीं जिला स्तरीय बॉस्केट बॉल प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रभुदयाल शर्मा ने झण्डारोहण कर किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को शपथ दिलाई गयी। इस प्रतियोगिता में 17 वर्षीय टीमों के दो मैचों में बलराम दास मा. विद्या मंदिर, गुढागौड़जी ने जी.बी. मोदी विद्या मंदिर झुंझुनूं को 6 व 8 की अंक की बढत से हराया। दुसरे मैच में बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बगड़ ने श्रीमती गोदावरी बाई रमादेवी पोद्दार उच्च माध्यमिक विद्यालय नवलगढ पर 5-6 अंकों से विजय प्राप्त की। इन मैचों में निर्णायक के रूप में पवन शर्मा व यादवेन्द्र तिवाड़ी थे।

सभी क्षेत्र वासियों को इण्डसइण्ड बैंक की तरफ से हर्ष एवं उल्लास के त्यौहार दीपावली एवं ईद की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.....

इण्डसइण्ड बैंक लिमिटेड

रामा कॉम्पलेक्स

बी-21, मान नगर, झुंझुनूं-राज.

☎ : 01592-236319, 236728

मोबाइल- 98290 08501, 93146 39211

94140 83795, 97833 01481

झुंझुनूं में आपके सहयोग एवं सफलता के 3 वर्ष पूर्ण करने पर अब अतिरिक्त सुविधाओं से युक्त चालु खाता मात्र 5000/-* के औसतन बैलेन्स के साथ उपलब्ध!

आपकी सेवा में सदैव तत्पर अनेक बेहतरीन सुविधाओं के साथ-

● चालु खाता ● बचत खाता ● NRO/NRE खाता ● शुद्ध सोना ● सावधि जमा योजनाए
● अनेक निवेश योजनाएं ● RTGS/NEFT Free ● D.D./P.O. Free*
● Mobile Banking ● Net Banking Free ● Phone Banking Free

Makes You Feel Richer

IndusInd Bank